# कुलसचिव कार्यालय

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :........................................
दिनांक :..................................................

## कार्यालय–ज्ञाप

सत्र 2021–22 में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पाये सभी विद्यार्थियों का डाटा लखनऊ विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर उपलब्ध है, जहॉ से विद्यार्थियों को अपने अनुक्रमांक/विद्यार्थी आई0डी0 की सहायता से यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर अपना पासवर्ड बनाकर, अपनी विद्यार्थी प्रोफाइल को पूर्ण किया जाना होगा। पंजीकरण/पासवर्ड बनाने की प्रक्रिया भी यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर उपलब्ध है। यदि किसी विद्यार्थी को उसके व्यक्तिगत विवरण में किसी संशोधन की आवश्यकता हो तो उसे भी यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर संशोधित कर सकते हैं।

**द्वितीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी**, अपना शुल्क यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर विश्वविद्यालय के निम्नांकित प्राधिकारियों से (अपनी कक्षा के अनुसार) सम्पर्क कर ऑनलाइन अनुमति प्राप्त कर, दिनांक **23.07.2022** तक बिना विलम्ब शुल्क के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर जमा कर दे :–

| क्रम संख्या | कक्षा | विश्वविद्यालय प्राधिकारी का कार्यालय |
|---|---|---|
| 1. | स्नातक पाठ्यक्रम | सम्बन्धित संकाय के अधिष्ठाता का कार्यालय |
| 2. | परास्नातक पाठ्यक्रम | सम्बन्धित विभागाध्यक्ष का कार्यालय |
| 3. | संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम | सम्बन्धित संस्थान के निदेशक का कार्यालय |

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : R/1006/22 दिनांक : 19/07/2022

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/प्रभारी, ल0वि0वि0।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
4. अधिष्ठाता, प्रवेश/समन्वयक, प्रवेश, ल0वि0वि0।
5. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. निदेशक, नवीन परिसर, ल0वि0वि0।
7. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर सेन्टर, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. वित्त अधिकारी, ल0वि0वि0।
9. परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0वि0।
10. समस्त सहा0 कुलसचिव, ल0वि0वि0।

कुलसचिव

R-office order